## एक नजर में

### रतलाम मंडल में इंडिपेंडेंस डे सेलिब्रेशन के साथ स्वच्छता अभियान की शुरुआत



**रतलाम।** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में 1 अगस्त से 31 अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान की शुरुआत शुक्रवार को स्वच्छता शपथ के साथ की गई, जिसमें स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने और समग्र स्वच्छता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया। अभियान को दो चरणों में विभाजित किया गया है—पहला चरण 1 अगस्त से 15 अगस्त, 2025 तक इंडिपेंडेंस डे सेलिब्रेशन के रूप में तथा दूसरा चरण 16 अगस्त से 31 अक्टूबर, 2025 तक विशेष स्वच्छता अभियान के रूप में आयोजित किया जाएगा। शुरुआत के दिन, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में अपर मंडल रेल प्रबंधक अक्षय कुमार द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इसी प्रकार मंडल के विभिन्न स्टेशनों, कार्यालयों, कार्यशालाओं, अस्पतालों एवं चिकित्सा इकाइयों में भी स्वच्छता शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें लगभग 1000 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए। सभी रेलकर्मियों ने प्रति सप्ताह दो घंटे एवं प्रतिवर्ष 100 घंटे श्रमदान करने का संकल्प लिया। रतलाम मंडल द्वारा विगत 11 वर्षों से निरंतर इस अभियान को सफलता पूर्वक संचालित किया जा रहा है। इसमें मंडल के कर्मचारियों एवं अधिकारियों का सक्रिय सहयोग रहा है, जो इस अभियान की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अभियान का उद्देश्य केवल सफाई करना नहीं, बल्कि आम जनमानस में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। यह पहल स्वच्छता की ओर बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत को स्वच्छ बनाने में योगदान देगा की भावना को साकार करती है।

### कलेक्टर की अपील: पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण कर वा (अंकुर) एप पर फोटो अपलोड कर

**रतलाम।** पौधारोपण की जानकारी शासन द्वारा वायुदूत एप के माध्यम से संधारित की जा रही है। जिले में अधिक संख्या में पौधारोपण हो रहे है किन्तु वायुदूत एप पर अपलोड न होने के कारण रतलाम जिले का पौधारोपण का रिकॉर्ड शासन स्तर पर कम दिखाई दे रहा है। शासन स्तर पर जिले के पौधारोपण की संख्या प्रदर्शित हो सके इसके लिए वायुदूत एप पर फोटो अपलोड करना अनिवार्य है। कलेक्टर राजेश बाथम ने आमजन से अपील की है कि वायुदूत एप अपने मोबाईल में डाउनलोड कर रोपित पौधो के साथ सेल्फी लेकर फोटो अपलोड करें जिससे शासन स्तर पर जिले के पौधारोपण की संख्या प्रदर्शित हो सकें। हरित क्षेत्र में वृद्धि कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने व प्रकृति की प्राणवायु को समृद्ध रखने के उद्देश्य से सभी आम नागरिक स्वेच्छा से सभी नगरों एवं गांवो में अधिक से अधिक पौधे रोपित कर सेल्फी के साथ फोटो को वायुदूत एप अपलोड करें।

### उमा विद्यालय मागरोत में साईकिल वितरित की



**रतलाम।** शासकीय एकीकी उ.मा. विद्यालय मागरोत जिला रतलाम में विद्यार्थीयों को शासन की योजना तहत शुक्रवार को साईकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लालाबाई शंभूलाल चंद्रवंशी के प्रतिनिधि गणेश मुनिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात ग्राम करमदी शा.मा.वि. में का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 1:30 बजे शाला के छात्र-छात्राओं को मध्यान्ह भोजन वितरण किया गया। मध्यान्ह भोजन में छात्र-छात्राओं को मुंगदाल चावल की खिचडी व आलु की सब्जी प्रदान की गई। जो मध्यान्ह भोजन के तय मीनु रूप नहीं थी। तत्काल मध्यान्ह प्रभारी अधिकारी श्रीमती संध्या मालवीय को दूरभाष पर अवगत करवाया गया कि छात्र-छात्राओं तय मीनु अनुसार भोजन नहीं दिया जा रहा है। उक्त निरीक्षिण के उपरांत शा. एकीकृत मा.वि; तितरी का निरिक्षण किया गया। शाला में श्रीमती ललीता बामनीया अनुपस्थित थी ओर ना ही अवकाश आवेदन पंजी था। शाला प्रभारी को निर्देशित किया गया की अवकाश पर जाने वाले शिक्षक का अवकाश आवेदन प्राप्त कर उपस्थित पंजी अवकाश दर्ज करे।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20 वीं किश्त का वितरण आज

**रतलाम।** संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास भोपाल द्वारा बताया गया कि 2 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20 वीं किश्त का वितरण देश भर के संबंधित किसानों को किया जायेगा। 20 वीं किश्त वितरण दिवस को ''पी.एम. किसान दिवस'' के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री वाराणसी (उत्तरप्रदेश) से शामिल होंगे। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित होगा। रतलाम जिले में कार्यक्रम कृषि उपज मंडी, रतलाम में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर राजेश बाथम ने शासन के निर्देशानुसार कार्यक्रम के प्रसारण को देखने के लिए ग्राम पंचायत/मंडी/कृषि विज्ञान केन्द्रों/एफ.पी.ओ. केन्द्रों/प्राथमिक कृषि ऋण समितियों में आवश्यक व्यवस्थाएं करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है।

# लंबे समय से पेंडिंग कार्य शुरू करने प्रशासन भेजेगा नोटिस

**सांसद निधि एवं विधायक निधि योजना के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न**

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** कलेक्टर राजेश बाथम की अध्यक्षता में शुक्रवार को सांसद निधि एवं विधायक निधि योजना के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में किया गया। बैठक में जिला योजना अधिकारी बालकृष्ण पाटीदार द्वारा कार्यवार स्थिति से अवगत कराया गया।

बैठक में आयुक्त नगर निगम अनिल भाना, अधीक्षण यंत्री विद्युत मंडल ओर उनके सभी चार डिविजन के ईई, सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यत्री, कार्यपालन यत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, नगरी निकायों के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं उनके उप यंत्री बैठक में उपस्थित रहे।



कलेक्टर श्री बाथम द्वारा वर्ष 2017 से अब तक के लंबित कार्यों की समीक्षा की गई। 2017-18 के दो कार्य नगर निगम रतलाम के लंबे समय से अप्रारंभ होने से उनकी गहन समीक्षा कर उक्त कार्य का निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में लंबे समय से जो कार्य नहीं किए गए उन्हें नोटिस जारी करने के लिए जिला योजना अधिकारी को निर्देशित किया गया।

**सबसे ज्यादा आलोट जनपद पंचायत के 19 कार्य लंबित**

नगर परिषद आलोट का एक कार्य, नगर परिषद नामली के दो कार्य, जनपद पंचायत रतलाम के 7 कार्य, जनपद पंचायत जावरा के 14 कार्य, जनपद पंचायत आलोट के 19 कार्य, जनपद पंचायत पिपलोदा के चार कार्य, जनपद पंचायत बजाना के 9 कार्य, जनपद पंचायत सैलाना के 7 कार्य, और जिला शिक्षा अधिकारी का 1 कार्य लंबित रहने पर कार्यवार समीक्षा करते हुए 2020-21 तक के सभी कार्य 31 अगस्त 2025 तक पूर्ण करने हेतु तथा 2023 24 तक के कार्य 30 सितंबर 2025 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। कार्य पूर्ण कर कार्य के पूर्णता प्रमाण पत्र तत्काल प्रदान करने तथा भविष्य में विलंब ना हो यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। निरस्त कार्य की राशि अथवा शेष राशि शासन को निर्धारित मद में जमा हेतु निर्देशित किया गया।


## बिना पंजीयन के चल रहा 6 बिस्तरीय अस्पताल

**जिला स्तरीय निरीक्षण टीम ने पहुंचकर कार्रवाई की**

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** जिले के रावटी में 6 बिस्तरीय अस्पताल पंजीयन के बिना चल रहा था। जब टीम यहां पहुंची तो मरीजों को अस्पताल किया जा रहा था। जिला स्तरीय टीम ने कार्रवाई शुरू की हैं।

जिले में बिना पंजीकृत चिकित्सा व्यवसाय करने वालों के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार जांच कर कार्रवाई की जा रही हैं। शुक्रवार को जिला स्तरीय



दल द्वारा ग्राम रावटी में निरीक्षण के दौरान महेश राठौर द्वारा लिमचंद राठौर निवासी रावटी अपने अस्पताल में 6 बिस्तरीय अस्पताल में मरीजों का उपचार करते पाए गए। महेश राठौर द्वारा स्वयं को बीईएमएस इलेक्ट्रो होम्योपैथी विषय का चिकित्सक होना बताया गया। वे अस्पताल के बाहर मेडिकल स्टोर का संचालन करते हुए, बगल में एलोपैथिक उपचार करते हुए पाए गए तथा नर्सिंग होम एक्ट के अंतर्गत वैधानिक पंजीयन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संध्या बेलसरे ने बताया कि जिले में लगातार जांच की जारी हैं। कार्रवाई के लिए दल बनाए गए हैं। शुक्रवार को दल द्वारा मौके पर पंचनामा बनाकर इंजेक्शन और बोतले जब्ती की। साथ ही पुलिस थाना रावटी में प्रकरण पंजीबद्ध कराया।

## शिव मंदिर उद्यान में होंगे 42 लाख के विकास कार्य

**रतलाम।** वार्ड क्रं. 29 प्रताप नगर शिव मंदिर उद्यान की बाउण्ड्रीवॉल, ओपन जिम, झूले चकरी व सांईनाथ नगर में पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने विधिवत् पूजा-अर्चना कर किया। निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, मनोहरलाल राजू सोनी, क्षेत्रिय पार्षद परमानन्द योगी, पार्षद हितेश कामरेड, शक्तिसिंह राठौर, रणजीत टांक, योगेश पापटवाल, विजयसिंह चौहान आदि उपस्थित थे।

## कलेक्टर के दखल से सुधरा विद्यार्थियों का परिणाम

**रतलाम।** विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन द्वारा बीए 3 के घोषित परिणाम में जिले के शासकीय महाविद्यालय सैलाना के कुछ छात्राओं द्वारा कलेक्टर राजेश बाथम से मिलकर परीक्षा परिणाम में हुई त्रुटि के निराकरण हेतु अनुरोध किया था।

छात्राओं ने बताया कि वे बीए 3 की नियमित छात्रा है, परन्तु भारतीय संस्कृति एवं अंग्रेजी भाषा के प्रश्न पत्र में उन्हें बीए 3 के स्थान पर बीएससी 3 का प्रश्नपत्र दिया। इस प्रकार की संख्या एवं वस्तु स्थिति के संबंध में कलेक्टर के निर्देशानुसार अग्रणी कॉलेज प्राचार्य डॉ. वायके मिश्र को निर्देशित किया गया। प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय सैलाना से जानकारी प्राप्त की गई व विश्वविद्यालय को सूचित कर निर्देश प्राप्त किए गए। उन सभी विद्यार्थियों के उत्तर पुस्तिकाओं का मुल्यांकन बीएससी 3 के आर्दश उत्तर से कराए जाने पर 22 में से 15 विद्यार्थी सफल घोषित हुए। शेष विद्यार्थियों के ग्रेडिंग 35 से कम होने के परिणाम स्वरूप अंकसूची में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। संशोधित परीक्षा परिणाम की घोषित हो गया। कलेक्टर राजेश बाथम के त्वरित कार्यवाही से सभी विद्यार्थी हर्षित है।

## संस्कारों से बनते है राम

**रतलाम।** श्री चंद्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर में चातुर्मास के अवसर पर चल रहे धर्मसभा में श्री 108 सद्भाव सागर मसा ने अपने ओजस्वी प्रवचनों में जीवन के सच्चे मूल्यों और धर्म की महिमा को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि जिनेंद्र भगवान के वचन पुण्य का वर्धन और पाप का मर्दन करने में सहायक होते हैं। जिसके मन में धर्म का जागरण होता है, वही व्यक्ति राम बन सकता है। सत्य की महिमा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा, सत्य ही शिव है, सत्य ही सुंदर है, और जो सत्य की खोज में निकलते हैं, वही अमृत का पान कर सकते हैं। उन्होंने पाप और संस्कारों के प्रभाव को भी उदाहरणों सहित स्पष्ट किया। मुनिश्री ने कहा, एक बार पाप के संस्कार पड़ जाएं तो उनसे छुटकारा पाना कठिन हो जाता है।

## स्वाधीनता दिवस के पूर्व भाजपा चलाएगी हर घर तिरंगा अभियान

**रतलाम।** स्वाधीनता दिवस पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर भाजपा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी तिरंगा अभियान चलायेगी। इसमें 10 से 14 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियां होगी। जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने जिलें में इन आयोजनों में समन्वय करने हेतु जिला टोली का गठन किया है। टोली के संयोजक जिला महामंत्री निर्मल कटारिया बनाए। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी ने बताया कि अभियान के तहत् 10 से 14 अगस्त तक प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा और महिला मोर्चा अग्रणी भूमिका निभायेगा। 13 से 15 अगस्त तक भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक घर एवं दुकान पर तिरंगा फहराने का आह्वान करेंगे। 12 से 14 अगस्त तक भाजपा महापुरुषों की प्रतिमा एवं स्मारकों के आस-पास स्वच्छता कार्यक्रम भी आयोजित करेगी। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जायेगा। इस दिन मौन जुलुस, संगोष्ठी एवं प्रदर्शनी आयोजित होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय ने हर घर तिरंगा अभियान की जिला टोली मे जिला महामंत्री निर्मल कटारिया के साथ जिला उपाध्यक्ष महेश सोनी एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष विप्लव जैन को शामिल किया है।

## खेल मैदान में ईंट का मलबा, खिलाड़ी हो रहे घायल

**ठेकेदार की मनमानी से खराब हुआ खेल मैदान**

नवभारत न्यूज

**नामली।** ठेकेदार द्वारा मनमानी करते हुए ईंट का मलबा खेल मैदान में डाल दिया। इससे अब हर दिन खिलाड़ी घायल हो रहे हैं। लगातार हादसों से अभ्यास करने पहुंचे खिलाड़ियों ने शुक्रवार को विरोध शुरू किया हैं।

जीर्ण शीर्ण बालक प्राथमिक शाला को विध्वस्त करने का कार्य एक ठेकेदार को दिया गया है। ठेकेदार के द्वारा बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के नगर के एकमात्र खेल मैदान में उक्त



विध्वंस सामग्री को डाला जा रहा हैं। इससे अब हर दिन यहां अभ्यास करने पहुंच रहे खिलाड़ी घायल हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार मैदान में खड्डों को भरने के लिए मुर्रम (चुरी) की जगह बड़ी-बड़ी ईंटों के टुकड़ों को डाला गया हैं। इससे मैदान खराब हो गया और खिलाड़ी घायल हो रहे हैं।

**खिलाड़ियों में आक्रोश**

शुक्रवार को मैदान को खराब करने को लेकर आक्रोश फैल गया। इस पर अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों ने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को दखल देकर मैदान को व्यवस्थित कराने की मांग की। अब वे कलेक्टर को शिकायत करेंगे।



## परीक्षा उत्तीर्ण होने पर लेखाकर्मियों का स्वागत

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे लेखा विभाग द्वारा आयोजित 70 प्रतिशत विभागीय सीनियरिटी कम सूटेबिलिटी एवं अपेंडिक्स 2 लेखा परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर ऑल इंडिया रेलवे अकाउंट स्टाफ एसोसिएशन के कम्युनिकेशन सेक्रेटरी प्रकाश चंद्र व्यास ने स्वागत कर शुभकामना दी। उत्तीर्ण वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी रामभरोसे वर्मा, राजेश मीणा, अभिनाश, अजय दुबे, आफाक अंसारी, जेठमल रेगर, दिलीप साहू, शंकर, ओम श्री कुमावत, सुरेश चंद्र शर्मा, चिरंजीलाल मीणा, एमएल मीणा सहित अपेंडिक्स 2 में उत्तीर्ण हुए कर्मचारियों सुमितसिंह, अंकिता सिंह, अश्विन शर्मा, आनंद शुक्ला, विद्या कुमारी, हेमा परमार, नितिन शर्मा, राहुल खरे, अंशुल खंडेलवाल, राहुल टटवाड़े, रोहित लोधी, मनोज गुप्ता, अक्षय इंगले, पवन जाटव, अखिलेश पंवार, महेंद्र सुंदा अर्पित परदेसी, पंकज, धर्मेंद्र चंदेल, अंशुल पाल, अल्ताफ खान, भीम सिंह बिष्ट, मोहित लक्ष्यकर, गौरव गुप्ता, अभिषेकसिंह तोमर को भी बधाई दी। यशवंत केंथवास, कुमुद रंजन पंडा, अरुण शर्मा उपस्थित थे।

## पुलिस ने कांबिंग गश्त कर होटल, ढाबों पर की चेंकिंग

**लंबे समय से फरार 37 स्थाई वारंट, 93 गिरफ्तारी वारंट तामील**

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** थाना प्रभारी एवं थाने के पुलिसकर्मियों की टीम बनाकर बीती रात गुंडे बदमाशों, वारंटियों, असामाजिक तत्व पर निगरानी एवं धरपकड़ के लिए कॉम्बिंग गश्त की गई। पुलिस टीम द्वारा ढाबों, होटलों, एवं सार्वजनिक स्थानों की चेकिंग की गई। जिलाबदर, हिस्ट्री शीटर, निगरानी गुंडा बदमाश चेक किए। चेकिंग के दौरान रात्रि में बेवजह घूमने वाले लोगों को समझाइश दी गई। इसमें 36 स्थाई वारंट व 93 गिरफ्तारी वारंट भी तामील किए।



जिले में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण हेतु एसपी अमित कुमार की अगुवाई में सभी अनुभागों में सीएसपी, एसडीओपी के नेतृत्व में गुरूवार-शुक्रवार की दरमियानी रात से सुबह तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के मार्गदर्शन में सीएसपी रतलाम सत्येंद्र घनघोरिया, एसडीओपी रतलाम किशोर पाटनवाला, सीएसपी जावरा युवराज सिंह चौहान, एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय, एसडीओपी सैलाना सुश्री नीलम बघेल, एसडीओपी आलोट सुश्री पल्लवी गौर, उप पुलिस अधीक्षक अजय सारवान, उप पुलिस अधीक्षक आनंद स्वरूप सोनी के नेतृत्व में संबंधित थाना प्रभारी एवं थाने के पुलिसकर्मियों की टीम बनाकर गुंडे बदमाशों, वारंटियों, असामाजिक तत्व पर निगरानी एवं धरपकड़ के लिए कॉम्बिंग गश्त की गई।

पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में संबंधित सीएसपी, एसडीओपी द्वारा अपने अनुभाग के बल की ब्रीफिंग कर कॉम्बिंग गस्त हेतु रवाना किया गया। कांबिंग गश्त के दौरान विभिन्न प्रकरणों में वांछित लंबे समय से फरार-37 स्थाई वारंटियों, 93-गिरफ्तारी वारंट तामील करवाए गए।

पुलिस टीम द्वारा ढाबों, होटलों, एवं सार्वजनिक स्थानों की चेकिंग की गई। जिलाबदर, हिस्ट्री शीटर, निगरानी गुंडा बदमाश चेक किए। चेकिंग के दौरान रात्रि में बेवजह घूमने वाले लोगों को समझाइश दी गई। रतलाम पुलिस द्वारा गुंडे/बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## सब मंत्रों का राजा नमस्कार महामंत्र : डा .अमृतरसा श्रीजी

*85 आराधक कर रहे है आराधना-*

**जावरा।** सभी तीर्थो का राजा शत्रुंजय है, वृक्षों का राजा कल्प वृक्ष है, पर्वो का राजा पर्वाधिराज पर्युषण है, सूत्रों का राजा कल्प सूत्र है, नदियों में सर्वश्रेष्ठ गंगा है, पर्वतों का राजा मेरु पर्वत है। उसी तरह सब मंत्रों का राजा नमस्कार महामंत्र है। जिनशासन में प्रवेश का द्वार है यह मंत्र। हम बहुत ही पुण्यशाली है कि हमे ऐसे अनमोल महामंत्र का स्मरण करने का सौभाग्य मिला है। नमस्कार महामंत्र तो हमे मिल गया लेकिन इसका स्मरण हमे सच्चे भावो से सच्चे मन से एकाग्रचित्त होकर दुनिया दारी को भूलकर करना चाहिए तभी हमारी आत्मा का कल्याण होगा। यह उद्गार साध्वी भगवंत डा. अमृतरसा श्रीजी ने पीपली बाजार उपाश्रय में आयोजित धर्मसभा में नमस्कार महामंत्र आराधना के प्रथम दिवस पर कहे उन्होंने नमस्कार महामंत्र के



प्रथम पद नमो अरिहंताणम की व्याख्या करते हुए कहा कि नमस्कार महामंत्र में न 14 बार आता है। इसका मतलब चौदह पूरब का सार है जो 14 धर्म स्थानक की आराधना में सहायक होता है। मो नो बार आता है जिसका मतलब मोह रूपी जंजाल से छुटकारा नो का अंक अखंड है, शाश्वत है। इसका जितनी बार भी गुणा करेंगे प्रतिफल नो ही आयेगा।

## लायंस ने कराया पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों का नेत्र परीक्षण

**जावरा।** लायंस क्लब द्वारा समाजसेवा की प्रेरणादाई परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सेवा गतिविधि के अंतर्गत जो समाज ओर देश की सेवा में निरंतर रात दिन लगे हुए और उनकी नेत्र सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर थाना, औद्योगिक थाना, कालूखेड़ा थाना के सभी पुलिस अधिकारी पर जवानों का निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया। जिसमें अथिति के रूप में चीफ सुप्रिटेंडेंट ऑफ पुलिस (सीएसपी) युवराजसिंह चौहान की उपस्थिति में शिविर का शुभारंभ किया। संस्था पदाधिकारियों ने अथिति का स्वागत फूल मालाओं से किया। चौहान ने कहा कि पुलिस विभाग के साथी तो अपने दायित्व का निर्वहन करने के लिए पूर्ण सतर्कता से करने के लिए जल्दी उठने से लेकर रात तक जागना पड़ता है। जिस से आंखों संबंधी कई रोग उत्पन्न होते है पर आज लायंस क्लब जावरा ने इस और ध्यान देकर जो शिविर



आयोजित किया उसके लिए धन्यवाद देते हुए नेत्र चिकित्सालय का अवलोकन करने पर ऐसा लगा कि सेवा कार्य में संस्था सबसे अग्रणी पंक्ति में अपने सेवा संकल्प के साथ कार्य कर रही है। मै सभी क्लब के साथियों सेवा कार्य की बधाई देते हुए प्रशंसा की।

संस्था अध्यक्ष यश जैन ने संस्था की जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस विभाग समाज की सुरक्षा और व्यवस्था का मुख्य स्तंभ होता है। जब हम चैन से अपने घरों में सोते हैं, तब हमारी सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस पर होती है। वे 24 घंटे बिना किसी अवकाश के देश और समाज की सेवा में लगे रहते हैं। ऐसे में हमारी भी जवाबदारी है कि उनके स्वास्थ्य हित में सेवा कार्य कर उनको लाभान्वित कर सके। और सबसे पहले उनकी आंखों की सुरक्षा आवश्यक है ताकि वे सभी अपने दायित्व का निर्वहन उचित रूप में सही समय पर कर सके। शिविर में पूर्वाध्यक्ष कमल जैन, पवन मोदी, घनश्याम रामनानी, गोपाल सेठिया, सजी वर्गीस, संजय गोधा, कमल सारड़ा, देवेंद्र शर्मा और अन्य साथी उपस्थित थे। आभार कोषाध्यक्ष राकेश कोचट्टा ने माना संचालन एडवोकेट अर्पित चतर ने किया।

## जिले में हैं दो लाख 41 हजार 204 पात्र परिवार, जिन्हें मिल रहा नि:शुल्क खाद्यान्न

**जावरा।** जिले में दो लाख 41 हजार से अधिक पात्र परिवारों को योजना अनुसार खाद्यान्न प्रदान किया जा रहा है। उक्त जानकारी प्रदेश के खाद्य मंत्री गोविंदसिंह राजपूत ने विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय के प्रश्न पर दी। राजपूत ने आगे बताया कि रतलाम जिले में नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रो में दो लाख 41 हजार 204 पात्र परिवार है, जिन्हें खाद्यान्न प्रदान किया जाता है। इन परिवारों को बीते 5 वर्षो में 24 लाख क्विंटल गेंहू, 10 लाख क्विंटल चावल, आठ हजार क्विंटल से अधिक शक्कर का वितरण किया। इनमे 9265 गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार है। विधायक डॉ पांडेय के प्रश्न पर मंत्री राजपूत ने बताया कि विगत 5 वर्षो में खाद्यान्न की कालाबाजारी व अन्य अनिमितताओं की विभिन्न शिकायतों पर 33 मामले दर्ज कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की। विधायक डॉ पांडेय के अन्य प्रश्न पर वन मंत्री दिलीप अहिरवार ने बताया कि विगत वर्षो में रतलाम जिले में 48 हजार 237 हेक्टेयर वन भूमि है। इन वन भूमियो पर बिगडे वनों का सुधार, चारागाह विकास, वन्यप्राणी प्रबन्धन एव भूजल संरक्षण के कार्य किये जा रहे है।



## जैन सोशल ग्रुप ने तीन बच्चों को स्कूल ड्रेस वितरित कर मानवता का दिया परिचय

**जावरा।** जरूरतमंद, पीड़ित और निर्धन व्यक्तियों की सेवा करना न केवल मानवता का प्रतीक है, बल्कि यह इस बात का भी संकेत है कि कोई व्यक्ति भीतर से कितना संतुष्ट और संवेदनशील है। विशेष रूप से जब कोई बच्चा शिक्षा प्राप्त करना चाहता है, परंतु संसाधनों के अभाव में बाधित होता है, तो उसकी सहायता करना एक विशेष आत्मसंतोष प्रदान करता है। इसी सेवाभाव को चरितार्थ करते हुए जैन सोशल ग्रुप मेन ने एक गरीब महिला के तीन बच्चों को स्कूल ड्रेस प्रदान कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का सराहनीय कार्य किया। अध्यक्ष अशोक चोपड़ा ने बताया कि शपथ ग्रहण के समय उन्होंने यह संकल्प लिया था कि यदि समाज में कोई भी बच्चा पढ़ने का इच्छुक हो और संसाधनों के अभाव में पीछे रह जाए तो जैन सोशल ग्रुप उसका पूरा सहयोग करेगा। उक्त महिला के तीनों बच्चे सरस्वती शिशु मंदिर पहाड़िया रोड में अध्ययनरत हैं, लेकिन स्कूल ड्रेस न होने के कारण वे परेशान थे। जब यह जानकारी ग्रुप तक पहुंची, तो तत्परता से तीनों बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म प्रदान की और उन्हें विद्यालय जाने के लिए प्रेरित किया। यह ड्रेस जैन सोशल ग्रुप के रीजन अध्यक्ष राहुल धरमचंद्र चपडोद ने बच्चों को प्रदान की। इस अवसर पर लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष धर्मचंद चपडोद, ग्रुप सचिव कनेश मेहता, कोषाध्यक्ष विमल सिसोदिया, सुभाष डूंगरवाल, अशोक डूंगरवाल, संजय मेहता, प्रतीक डूंगरवाल एवं नेमीचंद जैन उपस्थित रहे।